तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 10.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 विकसित भारत जी राम जी अधिनियम से भारत ...





12 पंचायतों में रोजगार व आवास दिवस बना ...




## खबर संक्षेप

### विधायक सावित्री आज दुर्गूकोंदल प्रवास पर



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल ब्लॉक में क्षेत्रीय विधायक सावित्री मनोज मंडावी 9 जनवरी शुक्रवार को एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगी। प्रवास के दौरान वे ब्लॉक के विभिन्न गांवों में आयोजित शैक्षणिक, सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होंगी। विधायक चारामा निवास से तुमरीटोला के लिए प्रस्थान करेंगी। तुमरीटोला आगमन के पश्चात वे क्षेत्रवासियों से संवाद करेंगी। शिक्षा, सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों में सहभागिता करेंगी विधायक, जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### सड़क दुर्घटना में घायल की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 30 योगेंद्र नगर निवासी 58 वर्षीय शरद शिकदर पिता स्व. कामना सिकदर को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गया। पीव्ही 30 निवासी पियूष हालदार ने पुलिस को बताया कि 7 जनवरी को योगेंद्र नगर के पास सड़क दुर्घटना में मृतक को गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 15 तक करा सकेंगे नवीन पंजीयन व रकबा संशोधन

**कांकेर।** धान विक्रय में किसानों को सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से सरकार द्वारा रकबा सुधार, कैरीफारवर्ड, फसल विवरण की प्रविष्टि, साथ ही छुटे हुए किसानों के नवीन पंजीयन इत्यादि के लिए तिथि बढ़ा दी गई है। सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार कैरीफारवर्ड, वन अधिकार पट्टाधारी किसानों का पंजीयन, त्रुटिपूर्ण आधार के प्रकरण में पूर्व पंजीयन निरस्त कर नवीन पंजीयन के साथ ही राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी का भौतिक सत्यापन के आधार पर कलेक्टर के अनुशंसा पर नवीन पंजीयन अब 15 जनवरी तक किए जा सकेंगे। इसके अलावा सभी प्रकार का संशोधन के लिए 31 जनवरी तक समय निर्धारित किया गया है।

### चयन परीक्षा में शामिल होने का मौका 7 तक

**कांकेर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लामकन्हार अंतागढ़, कांकेर, फरसकोट भानुप्रतापपुर, भण्डारडिगी दुर्गूकोंदल, सुरही नरहरपुर में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र 07 फरवरी तक भरे जा सकेंगे तथा भरे गए आवेदन में त्रुटि सुधार 08 से 10 फरवरी तक किया जा सकेगा। चयन परीक्षा 01 मार्च रविवार को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन भी वेबसाईट के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

# मेरिटोरियस छात्रों की हवाई यात्रा के लिए स्कूलों को लाखों का मिलेगा अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शिक्षा के क्षेत्र में जिले को नई पहचान दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक दूरदर्शी और प्रेरणादायक पहल की है। अब राज्य की मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों और उनके विद्यालयों को न केवल सम्मान मिलेगा, बल्कि लाखों रुपये का अनुदान और हवाई यात्रा जैसे प्रोत्साहन भी दिए जाएंगे। यह कदम जिले के शैक्षणिक माहौल को नई ऊर्जा देने वाला साबित होगा। जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने और बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने 8 जनवरी को जिले के समस्त विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शिक्षा को जिले की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कहा कि कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम उस पूंजी की वास्तविक गुणवत्ता को दर्शाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षाओं में जिले का शत-प्रतिशत परिणाम केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय को परिणामोन्मुखी रणनीति के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि प्राचार्य केवल प्रशासक नहीं, बल्कि विद्यालय के शैक्षणिक नेतृत्वकर्ता होते हैं और उनकी सक्रिय भूमिका से ही सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

## जिले के शैक्षणिक माहौल को नई ऊर्जा देगा : कलेक्टर

### सतत मूल्यांकन जरूरी

कलेक्टर ने कहा कि जिले का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को उत्तीर्ण कराना नहीं, बल्कि जिले के मेधावी छात्रों को राज्य की मेरिट सूची में स्थान दिलाकर कांकेर को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। अर्धवार्षिक परीक्षा में कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष सुधारात्मक शिक्षण, अतिरिक्त कक्षाएं और सतत मूल्यांकन अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, डीएमसी नवनीत पटेल सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### विद्यालयों को 2 से 5 लाख

कलेक्टर ने घोषणा की कि बोर्ड परीक्षा में राज्य की मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले शासकीय विद्यालयों को उनके परफार्मेंस के आधार पर 02 से 05 लाख रुपए तक का अनुदान दिया जाएगा। साथ ही मेरिट में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को हवाई जहाज से मुंबई की शैक्षणिक यात्रा कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले विद्यालयों एवं शत-प्रतिशत अंक दिलाने वाले व्याख्याताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## अपराध : पुलिस ने मामला दर्ज करके 12 घंटे के अंदर आरोपियों को दबोचा

# कोमलदेव अस्पताल के सामने खूनखराबा धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील इलाकों में शामिल कोमलदेव अस्पताल के सामने

- पुलिस ने बताया कि आरोपियों पर कई मामले दर्ज, जाँच जारी



बुधवार 7 जनवरी की रात करीब 11 बजे उस समय अफरातफरी मच गई, जब मामूली विवाद ने हिंसक और जानलेवा हमले का रूप ले लिया। मेले से लौट रहे तीन युवकों ने एग रोल ठेला संचालक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवक के चेहरे, कनपटी और हाथों पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता फैजान खान और उसका चचेरा भाई सलीम खान कोमलदेव अस्पताल के सामने एग रोल ठेला संचालित करते हैं। बुधवार 7 जनवरी की रात लगभग शिवा वाल्मीकि, महेश यादव उर्फ चिंगरी और नंदू कुंजाम एक बैंगनी रंग की स्कूटी क्रमांक सीजी 07 सीटी 1865 से एग रोल की दुकान पहुंचे। दुकानदार से कहा कि अंडा बनाकर दो, दुकानदार ने दो मिनट रुकने को कहा। दुकानदार के ऐसा कहने पर नशे में धुत महेश यादव और नंदू कुंजाम दुकानदार पर भड़क गए। दोनों ने दुकानदार को अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया। अश्लील गाली देने के लिए मना करने पर विवाद और बढ़ गया। विवाद के दौरान आरोपी महेश यादव ने अपने पॉकेट से धारदार हथियार निकाला और चिल्लाते हुए कहा, तुम मुझे नहीं जानते, अभी जेल से छूटकर आया हूं, तुझे जान से मार दूंगा। जान का खतरा देख सलीम खान वहां से होंडा शोरूम की तरफ भागा, ▶▶| शेष पेज 10 पर



### पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

शिकायतकर्ता की शिकायत पर कांकेर पुलिस मौके पर पहुँची, तब तक आरोपी भाग चुके थे। शिकायतकर्ता की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 109, 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई। तीनों आरोपियों को पुलिस ने 12 घंटे के अंदर गिरफतार कर लिया।

### साजिश के तहत हमला

चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी शिवा वाल्मीकि ने पहले दुकानदार को कुछ नहीं करेंगे कहकर झांसे में लिया और उसे गुपचुप ठेले के पास ले आया, जहां महेश और नंदू पहले से घात लगाकर छिपे थे। जैसे ही दुकानदार सलीम वहां पहुंचा, महेश यादव ने जान से मारने की नीयत से उसके गले पर धारदार हथियार से वार किया। दुकानदार ने खुद को बचाने की कोशिश की, जिससे हथियार उसके बाएं कनपटी और गाल पर जा लगा। बीच-बचाव के दौरान सलीम के दाहिने हाथ की कोहनी और हथेली पर भी गहरे जख्म आए हैं। इस घटना को आसपास के दुकानदारों ने देखा और पुलिस को जानकारी दिया। पुलिस मौके पर पहुँचती, तब तक आरोपी नौ दो ग्यारह हो गए थे।

# अवैध शराब जब्त, पुलिस ने 3 कोचियों पर की कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान उजियारा के तहत अवैध रूप से शराब के कारोबार में संलिप्त शराब कोचियों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए तीन शराब कोचिए को पकड़ा। सभी आरोपियों के कब्जे से अवैध रूप से रखे शराब को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

थाना कांकेर, चारामा और कोरर में अवैध शराब, नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पादन करने वाले असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्यवाही कर असामाजिक तत्वों एवं अपराध पर अंकुश लगाने लगातार पेट्रोलिंग किया जा रहा है। पैट्रोलिंग के दौरान 7 जनवरी को पुराना माकड़ी ढाबा के पास आरोपी माकड़ी निवासी 40 वर्षीय राकेश नेताम पता स्व. जगत नेताम के कब्जे से देशी प्लेन शरब 1.440 लीटर व नगद 120 रूपएं को जप्त किया। चारामा थाना पुलिस ने आंवरी चौक राम जानकी मंदिर के पास मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 07 एलजेड 5457 में आरोपी मचांदुर निवासी 27 वर्षीय गुलशन सोनी पिता अरुण सोनी के कब्जे से 13 नग मसाला देसी मदिरा, 25 नग प्लेन देसी मदिरा कुल मदिरा 6.840 लीटर को अवैध रूप से बिक्री करने के लिए परिवहन हुए पकड़ा।

कोरर थाना पुलिस ने आरोपी किशनपुरी निवासी 42 वर्षीय रोहित कोठारी पिता स्व. पंडित राम के कब्जे से 6 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# उधारी का पैसा मांगने पर दो सगे भाइयों ने युवक को बेदम पीटा, अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थाना क्षेत्र में उधारी का पैसा मांगने पर एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मामूली रकम की मांग ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया, जहां दो सगे भाइयों ने युवक को घेरकर हाथ-मुक्कों और लातों से पीट दिया। बीच-बचाव न होता तो बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के



अनुसार पीव्ही31 हरिहरपुर निवासी 24 वर्षीय सूरज व्यापारी पिता सुशील व्यापारी ने पखांजुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि उसके परिचित गोपेश मंडल ने करीब एक सप्ताह पहले उससे 400 रुपये उधार लिए थे। 6 जनवरी को सूरज खेत से काम कर लौट रहा था। इसी दौरान उसने गोपेश मंडल को फोन कर उधारी का पैसा लौटाने की बात कही और बताया कि वह पीव्ही-31 रोड ढलान के पास मौजूद है। रात करीब 10 बजे गोपेश मंडल अपने भाई निमाई मंडल के साथ मौके पर पहुंचा। जैसे ही सूरज ने अपने पैसे मांगे, आरोपी गोपेश भड़क गया और पैसा देने से साफ इनकार करते हुए गाली-गलौज करने लगा। दोनों भाइयों ने मिलकर सूरज को जान से मारने की धमकी दी और हाथ, मुक्का व लात से जमकर मारपीट की। हमले में सूरज के नाक, मुंह, दाहिने पैर की उंगली और हाथ में गंभीर चोटें आईं तथा खून निकलने लगा। घटना के दौरान आसपास ▶▶| शेष पेज 10 पर

### बेवरती में आज चावल उत्सव

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर चावल उत्सव का आयोजन 09 जनवरी शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से ग्राम बेवरती में अंगना विधायक कार्यालय के सामने किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम, अध्यक्षता जिला पंचायत की अध्यक्ष किरण नरेटी और विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, महेश जैन, सहकारिता एवं उद्योग समिति के सभापति देवेन्द्र कुमार टेकाम और ग्राम पंचायत बेवरती के सरपंच विष्णु नेताम उपस्थित रहेंगे।

# सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने मवेशियों को रेडियम बेल्टी बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पिछले वर्ष मवेशियों से टकराकर हुई सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए

- कांकेर पुलिस का अभियान जारी

कांकेर पुलिस द्वारा 8 जनवरी को एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कांकेर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह घूमकर आवारा मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट लगाई गई, ताकि रात्रि के समय सड़क पर मवेशी दूर से ही दिखाई दें और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।



पुलिस अधिकारियों के अनुसार रेडियम बेल्ट लगाए जाने से वाहन चालकों को मवेशियों की मौजूदगी पहले ही नजर आ जाएगी, जिससे अचानक होने वाली टक्कर की घटनाएं कम होंगी। इसके साथ ही चौक-चौराहों और मुख्य सड़कों पर मवेशियों के कारण लगने वाले जाम से भी राहगीरों और वाहन चालकों को राहत मिलेगी। अभियान के दौरान मवेशी मालिकों से भी अव्हान किया जा रहा है कि वे अपने मवेशियों को खुले में सड़क पर न छोड़ें। वहीं ग्रामीणों को भी जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने मवेशियों को समय पर घर या सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं, ताकि सड़क ▶▶| शेष पेज 10 पर

## विधायक आशाराम ने 40.23 करोड़ से बनने वाली सड़क का किया भूमिपूजन

# जनता के विश्वास व संघर्ष का परिणाम, नरहरपुर-चनार सड़क का चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित सड़क नरहरपुर से चनार के चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन समारोह 8 जनवरी को चनार गांव में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस सड़क को बनाने के लिए सरकार ने विभाग को 40.23 करोड़ की स्वीकृति दिया है। मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि यह सड़क केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष, जनता की एकजुटता और उनके विश्वास का परिणाम है।

विधायक आशाराम नेताम ने भूमिपूजन के दौरान कहा कि वर्ष 2023 की उस पदयात्रा को याद किया, जो कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में इस मार्ग की बदहाली को लेकर की गई थी। उन्होंने कहा कि हम सबने मिलकर इस सड़क को बनवाने के लिए पदयात्रा की थी। उस समय हमने सरकार का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर



आकर्षित करने की कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्यवश कांग्रेस सरकार ने हमारी सुध नहीं ली। ग्रामीणों की आवाज को अनसुना कर दिया गया।

उन्होंने आगे कहा कि चनार सहित आसपास के गांवों के लोगों को इस मार्ग की खराब स्थिति के कारण वर्षों तक परेशानी झेलनी पड़ी। बारिश के दिनों में कीचड़, गर्मी में धूल और खराब सड़क के कारण आवागमन बाधित होता था। स्कूली बच्चों, मरीजों, किसानों और व्यापारियों सभी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इन सभी समस्याओं से आमजनता को राहत मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि यह सड़क क्षेत्र के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क के चौड़ीकरण से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी गति मिलेगी। किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने में आसानी होगी और ग्रामीण क्षेत्र मुख्य मार्गों से बेहतर तरीके से जुड़ सकेंगे। विधायक ने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### विकास की यात्रा नहीं रुकेगी

विधायक ने जनता को देवतुल्य बताते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद और विश्वास के कारण ही आज मैं विधायक के रूप में आपके बीच खड़ा हूं। आप लोगों ने मुझे विधायक बनाकर जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे मैं पूरी ईमानदारी से निभा रहा हूं। मैंने उस दिन की पदयात्रा को कभी नहीं भुलाया। विधायक बनने के पहले दिन से ही मैंने इस सड़क को स्वीकृति दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किया। आपकी मेहनत और विश्वास के चलते आज यह सड़क चौड़ीकरण के साथ बनेगी। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि विकास की यह यात्रा यहीं नहीं रुकेगी। विधायक नेताम ने यह भी स्पष्ट किया कि यह कार्य केवल शुरुआत है। आने वाले समय में क्षेत्र में अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### ग्रामीणों ने सीएम व विधायक का जताया आभार

भूमिपूजन समारोह के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला, उन्होने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधायक आशाराम नेताम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से जिस सड़क का इंतजार था, आज उसका सपना साकार होता दिख रहा है। कई ग्रामीणों ने बताया कि सड़क बन जाने से गांव की तस्वीर बदलेगी और आने वाली पीढ़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### भूमिपूजन में यह रहे शामिल

भूमिपूजन कार्यक्रम में मत्स्य बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, नपा कांकेर अध्यक्ष अरूण कौशिक, जनपद अध्यक्ष सोमन कावड़े, नरहरपुर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष एवं भाजुयमो अध्यक्ष संजू गोपाल साहू, हीरा मरकाम, मुकेश संचेती, संतोष भास्कर, कमलेश उसेंडी, उत्तम यादव, चनार सरपंच रविंद्र कुमार कावड़े, जीवन नेताम, लक्ष्मीनारायण साहू, पुष्पा मंडावी, अधिकारियों में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ डीके बिसेन के अलावा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जान-पहचान बढ़ाई महिला से 30 हजार ठगे और जान से मारने की धमकी दी

**कांकेर।** बहला-फुसलाकर जान-पहचान बढ़ाने के बाद एक युवक द्वारा महिला से हजारों रुपये ऐंठने और रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी लगातार मोबाइल कॉल कर गाली-गलौज करता था और जबरन रिचार्ज कराने का दबाव बनाता था। परेशान होकर पीड़िता ने थाना कोयलीबेड़ा में शिकायत दर्ज कराई।

थाना कोयलीबेड़ा पहुंची कोसूमपारा निवासी 37 वर्षीय परमिला नरेटी पति रामसिंह नरेटी ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम कटगांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ है। पीड़िता के अनुसार दिसंबर 2024 में पीव्ही-72 निवासी राजू मंडल उनके घर आया और खुद को उनकी बेटी सुलंगी निवासी संगीता का परिचित बताते हुए बातचीत शुरू की। जान-पहचान होने के बाद आरोपी ने वर्ष 2024 से अब तक किश्तों में करीब 30 हजार रुपये उधार ले लिए। पीड़िता ने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी मोबाइल फोन पर गाली-गलौज





करने लगा और नौकरी छुड़वाने की धमकी देने लगा। पीड़िता द्वारा उसका मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्ट करने पर आरोपी अलग-अलग नंबरों से कॉल कर पीड़िता के पति और बच्चों को भी जान से मारने की धमकी देता रहा। आरोपी हर महीने डरा-धमकाकर अपने मोबाइल नंबर पर रिचार्ज करवाता था। रिचार्ज नहीं कराने पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी जाती थी। लगातार कॉल और धमकियों से परेशान होकर महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजू मंडल के खिलाफ धारा 296 एवं 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर दावा-आपत्तियों की सूची राजनीतिक दलों को दी

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 को किया जाकर दावा आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक प्राप्त की जा रही है। इस संबंध मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की द्वितीय साप्ताहिक बैठक मंगलवार 06 जनवरी को आयोजित की गई, जिसमें दावा-आपत्ति की सूची प्रदान की गई। इस संबंध में बताया गया कि 06 जनवरी 2026 तक तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए फॉर्म 9 से संबंधित 828, फार्म 10 हेतु 21, फॉर्म 11 के लिए 354, फार्म 11 ए के लिए 26 तथा फार्म 11बी के लिए कुल 4 दावा-आपत्तियां प्राप्त हुई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावा आपत्तियों की जानकारी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को देकर उन्हें सूची प्रदान की गई।

### चारामा में बिना इंडेक्टर के खड़े ट्रक से टकराई बाइक एवं चालक गंभीर

**कांकेर।** नेशनल हाईवे 30 पर एक बार फिर सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी ने बड़ा हादसा करा दिया। बिना संकेत चिन्ह और इंडिकेटर के खड़े ट्रक से टकराने के कारण एक ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। यह दुर्घटना ट्रक चालक की घोर लापरवाही का नतीजा बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम आंवरी निवासी प्रार्थी ने पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया कि उसका बड़ा भाई महेन्द्र कुमार केसरी ग्राम बरकछार निवासी बालाराम जैन के ट्रैक्टर में ड्रायवरी का काम करता है। वह प्रतिदिन की तरह 7 जनवरी की सुबह लगभग 5 बजे अपने ट्रैक्टर मालिक की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 8450 से ग्राम बरकछार जा रहा था। सुबह करीब साढ़े 5 बजे, जब वह ग्राम चारामा स्थित अस्पताल के सामने नेशनल हाईवे-30 के ओवरब्रिज के पास पहुंचा, तभी वहां पहले से खड़ा ट्रक क्रमांक टीएन 34 एडी 4668 उसकी मोटरसाइकिल की चपेट में आ गया। बताया गया कि ट्रक चालक ने वाहन को सड़क पर बिना किसी चेतावनी संकेत, रिफ्लेक्टर या इंडिकेटर के खतरनाक ढंग से खड़ा कर रखा था। अचानक सामने आए ट्रक के कारण महेन्द्र कुमार अपनी मोटरसाइकिल सहित ट्रक के पीछे दाहिने हिस्से से टकरा गया। हादसे में उसे सिर, माथे, सीने तथा हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं।

**सियासत :** नए कानून में मजदूरों को 100 के बजाए 125 दिन मिलेगा काम

# विकसित भारत जी राम जी अधिनियम से भारत के गांवों की तस्वीर बदलेगी : डिप्टी सीएम साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 को लक्ष्य रखते हुए विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून लाया गया है, जो मनरेगा की जगह लाया गया एक नया कानून है, जो ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है, तकनीकी सुधारों के साथ इसे 15 दिनों के भीतर मजदूरी भुगतान और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए डिजाइन किया गया है और यह ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण का एक हिस्सा है। उक्त बातें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने भाजपा जिला कार्यालय कमल सदन कांकेर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर ब्याज के साथ राशि मजदूर को दी जाएगी। इससे मजदूरों को न्याय मिलेगा और भुगतान में देरी जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियाँ प्रभावित न हों। इससे ग्रामीण पलायन भी रुकेगा और कृषि उत्पादन को स्थिरता मिलेगी।

■ सात दिन में भुगतान नहीं होने पर ब्याज के साथ मिलेगी मजदूरी

### धांधली व गड़बड़ी पर लगेगा विराम

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा में पहले फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के उपयोग और धांधली की शिकायतें मिलती थीं, जिन्हें यह नया अधिनियम स्वतः समाप्त करेगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को सीधे लाभ मिलेगा। जी-राम-जी अधिनियम के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन पर फोकस किया गया है।

### विपक्ष केवल नाम को लेकर कर रही विरोध

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नया कानून का शार्ट फार्म में वीबी-जी राम जी कहा जा रहा है, विपक्ष को इस नाम को लेकर दिक्कत महसूस हो रही है, क्योंकि संयोग से शार्ट नेम में राम जी आ गया है। विपक्ष को शायद राम नाम से नफरत है, इसीलिए विरोध प्रदर्शन कर रहे है।

### प्रेस वार्ता के दौरान यह रहे उपस्थित

प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, लोकसभा सांसद भोजराज नाग, विधायक विक्रम उसेंडी , विधायक आशाराम नेताम, मत्स्य बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, नपा अध्यक्ष अरूण कौशिक, नपं भानुप्रतापपुर अध्यक्ष निखिल राठौर, टेकेश्वर जैन, राजा पांडेय, जितेंद्र मरकाम, दिलीप जायसवाल, संजय सिन्हा, राजीव लोचन सिंह, दीपक खटवानी, संजू गोपाल साहू, निपेन्द्र पटेल एवं अन्य भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था, जनसुरक्षा और शांति व्यवस्था पर की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आम जनता की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने आदर्श पुलिस थाना कांकेर के थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार साहू से औपचारिक मुलाकात की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें जिले की वर्तमान कानून व्यवस्था, नागरिकों की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और पुलिस जन समन्वय जैसे अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और साथ ही पार्टी पदाधिकारियों ने आम जनता से जुड़े कुछ स्थानीय मुद्दों, यातायात व्यवस्था, असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण, तथा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर अपने सुझाव भी थाना प्रभारी के समक्ष रखे। । प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा कानून का सम्मान करती है और समाज में शांति एवं भाईचारे के वातावरण को मजबूत करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ सकारात्मक सहयोग के लिए तत्पर है। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार साहू ने भी पार्टी पदाधिकारियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से ही अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। मुलाकात का नेतृत्व आम आदमी पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष नरहरपुर जगदीश नेताम ने किया। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष दीपक कोडपी, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन ठाकुर, विधानसभा महामंत्री डिशनू नेताम एवं डोमेन्द्र ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## बड़े बड़े वादे फिर भी जनकपुर जलाशय की नहर-नाली है सूखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



सरकार एक ओर किसानों की आय दोगुनी करने और गांव-गांव तक सिंचाई सुविधा पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं भानुप्रतापपुर क्षेत्र की जनकपुर जलाशय नहर-नाली निर्माण योजना आज खुद सरकारी लापरवाही, मनमानी और संदिग्ध कार्यप्रणाली का उदाहरण बन चुकी है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद नहर में अब तक पानी नहीं बह सका, जिससे किसानों की उम्मीदें और मेहनत दोनों सूखती नजर आ रही हैं।

**घटिया पाइपों से नहर की मजबूती पर सवाल :** नहर लाइनिंग के लिए गांव में ही बनाए जा रहे सीमेंट पाइपों की गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में तकनीकी मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे नहर की टिकाऊ क्षमता संदेह के घेरे में है।

**सिंचाई के बिना सूखती फसलें, बढ़ती पीड़ा:** नहर अधूरी रहने से जनकपुर के किसान सिंचाई के अभाव में फसलें सूखने को मजबूर हैं। ग्रामीण पुरुषोत्तम, नमेंद्र, अनिल, सावंत, जागेश्वर, नारायण, माखन, सुखेन्द्र, संतोष, तामेश्वरी, ममता, सावित्री, बिमला, अनिता, नरसो, कुमारी, साधना और सुरेंद्र ने एक स्वर में कहा किअगर यही हाल रहा तो इस नहर से हमें कभी पानी नहीं मिलेगा। अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं बदल रहा।

### जिपं ने किया था निरस्त : एसडीओ

मामले में जल संसाधन विभाग के एसडीओ ने आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि जनकपुर नहर-नाली निर्माण कार्य को जून 2025 में जिला पंचायत द्वारा निरस्त कर दिया गया था, इसी कारण कार्य अधूरा रह गया।

## स्थानीय सब्जियों से बाजार गुलजार, दामों में आई गिरावट से उपभोक्ताओं को राहत



**दुर्गूकोंदल।** ठंड के मौसम की शुरुआत के साथ ही दुर्गूकोंदल क्षेत्र के स्थानीय सब्जी बाजारों में गांवों से ताजी सब्जियों की आवक तेज हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में सब्जियां बाजार पहुंचने के कारण सब्जियों के दामों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिल रही है। जानकारी के अनुसार ठंड के सीजन में गांव-गांव से सब्जी उत्पादन बढ़ जाता है। इसका सीधा असर स्थानीय बाजारों में देखने को मिल रहा है। वर्तमान में बाजार में प्रमुख रूप से गोभी, बैंगन, सेमी, मूली, पालक, धनिया, मेथी, मिर्च, गांठ गोभी सहित अन्य मौसमी सब्जियां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। आवक बढ़ने के चलते सब्जियों की कीमतें पहले की तुलना में काफी कम हो गई हैं, जिससे लोगों को ताजी और सस्ती सब्जियां आसानी से मिल रही हैं। स्थानीय सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि अभी मौसम अनुकूल होने के कारण सब्जियों की पैदावार अच्छी हो रही है। गांवों से किसान स्वयं सब्जी लेकर बाजार पहुंच रहे हैं, जिससे बिचौलियों की भूमिका कम हो गई है और उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिल रहा है। खासकर हरी सब्जियों की भरपूर उपलब्धता के कारण इनके दामों में अच्छी-खासी गिरावट आई है। साप्ताहिक बाजार के दिनों में सब्जियों की कीमतें और भी कम हो जाती हैं। साप्ताहिक हाट में आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में किसान सब्जियां लेकर पहुंचते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ जाती है और दाम और नीचे चले जाते हैं। इसका लाभ खासतौर पर मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि आने वाले दिनों में जैसे-जैसे ठंड बढ़ेगी और सब्जियों की आवक और बढ़ेगी, वैसे-वैसे सब्जियों के दामों में और गिरावट आने की संभावना है। कुल मिलाकर ठंड के इस मौसम में सब्जियों की भरपूर उपलब्धता से बाजारों में रौनक है और आम जनता को राहत महसूस हो रही है।

## नरहरपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से 12 घंटे में हुआ हत्याकांड का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना नरहरपुर क्षेत्र के ग्राम मर्रामपानी में घटित सनसनीखेज हत्या के मामले में नरहरपुर पुलिस ने उल्लेखनीय तत्परता दिखाते हुए महज 12 घंटे के भीतर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की सूझबूझ भरी जांच से यह स्पष्ट हुआ कि प्रथम दृष्टया दुर्घटना बताई जा रही घटना दरअसल सुनियोजित सामूहिक हत्या थी, जिसे पारिवारिक सदस्यों द्वारा अंजाम दिया गया।

जानकारी के अनुसार 6 जनवरी को ग्राम मर्रामपानी निवासी 45 वर्षीय भगवान सिंह पटेल की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की जानकारी उनके पिता माखन पटेल द्वारा थाना नरहरपुर में दी गई। सूचना के बाद थाना नरहरपुर पुलिस टीम द्वारा गांव पहुंचकर घटनास्थल एवं शव का निरीक्षण किया गया, जहां मृत्यु को लेकर गंभीर संदेह उत्पन्न हुआ। ग्रामीणों द्वारा भी घटना को संदिग्ध बताया गया, जिसकी जानकारी तत्काल उच्चाधिकारियों को दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मृतक के परिजनों से गहन पूछताछ की।

### आरोपी गिरफ्तार, हथियार जब्त

मृतक के पिता माखन पटेल की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 12/2026, धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने सभी आरोपियों मृतक की पत्नी 40 वर्षीय रीना पटेल, पुत्री 21 वर्षीय ललेश्वरी पटेल, माँ सरस्वती पटेल और नीरा बाई पटेल एवं विधि से संघर्षरत बालक को विधिवत गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथौड़ी, लकड़ी का डंडा एवं अन्य सामग्री बरामद की गई। सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया, जबकि विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।

### शराब के नशे में विवाद बना हत्या की वजह

पूछताछ में परिजनों ने स्वीकार किया कि मृतक भगवान सिंह पटेल शराब का आदी था और नशे की हालत में अक्सर पत्नी, बच्चों, मां और बहन के साथ गाली-गलौच एवं मारपीट करता था। घटना वाले दिन भी शराब के नशे में वह घर आकर झगड़ा करने लगा। विवाद बढ़ने पर सभी परिजनों ने मिलकर उसे धक्का दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा और सिर में गंभीर चोट आई। इसके बाद हथौड़ी, लकड़ी के डंडे, हाथ-मुक्कों व चप्पलों से बेरहमी से मारपीट कर उसकी हत्या कर दी गई।

# पंचायतों में रोजगार व आवास दिवस बना ग्रामीण सशक्तिकरण का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने और उनके जीवन में स्थायी बदलाव लाने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन की पहल अब जमीन पर स्पष्ट रूप से नजर आने लगी है। इसी कड़ी में आज जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का एकीकृत और प्रभावशाली आयोजन किया गया, जिसने ग्रामीणों को जानकारी, समाधान और आत्मनिर्भरता, तीनों का मंच प्रदान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी विकासखंड कांकेर के ग्राम पंचायत माटवाडामोदी पहुँचे और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर योजनाओं की बारीक जानकारी साझा किया।

**जिला सीईओ ने माटवाडामोदी में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल**



### आवास दिवस में मिली राहत और समाधान

आवास दिवस के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली गई। जिला सीईओ ने अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा निर्माण से जुड़ी तकनीकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। ग्रामीणों ने पात्रता सूची, अगली किश्त की स्थिति और निर्माण संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त किया।

सीईओ ने मनरेगा योजना के अंतर्गत आजीविका डबरी निर्माण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि अब मनरेगा केवल मजदूरी तक सीमित नहीं रहेगा। डबरी के साथ मत्स्य पालन, सब्जी उत्पादन और मल्टी-लेवल फार्मिंग को जोड़कर ग्रामीणों को स्थायी आय का सशक्त साधन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं को मुर्गी पालन और बकरी पालन जैसी गतिविधियों से जोड़ने पर भी जोर दिया, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। जिला पंचायत के सीईओ द्वारा पंचायत में निर्मित आवासों एवं आजीविका डबरी का निरीक्षण भी किया गया। इस विशेष दिवस पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की गई थी।

### क्यूआर कोड से पारदर्शिता को बढ़ावा

रोजगार दिवस के अवसर पर पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड को अपडेट किया गया। अब ग्रामीण अपने मोबाइल से स्कैन कर स्वीकृत राशि, व्यय विवरण और कार्यों की तिथि की जानकारी स्वयं प्राप्त कर पा रहे हैं, जिससे पारदर्शिता और विश्वास दोनों मजबूत हुए हैं।

## जनपद स्तरीय पंडुम 16 को साल्हेभाट में, तैयारी जोरों पर



**कांकेर।** बस्तर पण्डुम का कांकेर जनपद स्तरीय आयोजन 16 जनवरी को ग्राम पंचायत मांदरी के आश्रित ग्राम साल्हेभाट में किया जाएगा। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी कांकेर अरूण वर्मा की अध्यक्षता तथा सामाजिक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थिति में जनपद पंचायत कांकेर में बैठक आयोजित की गई।आयोजित बैठक में सामाजिक एवं जनप्रतिनिधियों की व्यवस्था, समाजिक पदाधिकारियों की सूची एवं समाज की ओर से मंच संचालन के साथ ही पारधी, उरांव, ओझा, ध्रुवा समाज को शामिल करने के संबंध में रूपरेखा तय की गई। इस संबंध में अंतिम बैठक 14 जनवरी दिन बुधवार को ग्राम पंचायत मांदरी के आश्रित ग्राम साल्हेभाट में आयोजित किया जाएगा। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा कावडे उपाध्यक्ष तारिणी ठाकुर, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी यादव, राजेश भास्कर, प्रकाश दीवान, चन्द्रहास नेताम, रत्तूराम नेताम, हृदयराम शोरी, सुर्या नेताम, विनोद शोरी एवं समाज के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णयानुसार जनजाति बाहुल्य बस्तर संभाग के स्थानीय कला एवं संस्कृति, परम्परा लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खान-पान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेश-भूषा, आभूषण, वाद्ययंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य, व्यंजन-पेयपदार्थ, आंचलिक साहित्य, वन औषधि के मूल स्वरूप के संरक्षण, संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से बस्तर पण्डुम का आयोजन किया जा रहा है।

## फसल बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** पैतृक संपत्ति व खेत में लगाए धान की फसल की बंटवारे की बात को लेकर दो सगे भाई के बीच विवाद हो गया व विवाद धीरे मारपीट में बदल गया। पीड़ित भाई ने अपने बड़े भाई के खिलाफ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का शिकायत दर्ज कराया। आमाबेड़ा थाना में शिकायत करने पहुंचे सेंदुरमेटा निवासी 36 वर्षीय हेमंत राम सिन्हा पिता स्व. ईतवारू राम सिन्हा ने पुलिस को बताया कि मेरे बड़े भाई सताऊ राम सिन्हा पिता स्व. ईतवारू राम सिन्हा शराबी प्रवृत्ति का व्यक्ति है और हम लोग दोनों भाई करीबन 10 वर्षों से अलग-अलग रहते हैं। हम लोगों के पैतृक संपत्ति जमीन का बंटवारा नहीं हुआ है। मेरे पिता के एक एकड़ जमीन को मैं इस वर्ष खेती कर धान का फसल लगाया था। मै 7 जनवरी को करीबन 7 बजे अपने घर पर नहीं था और घर में मेरी पत्नि साधना बाई सिन्हा व मेरे 2 बच्चे घर में थे। उसी समय मेरे बड़े भाई सताऊ राम सिन्हा ने मेरी पत्नि साधना बाई सिन्हा को तुम लोग पिता की जमीन में धान लगाए थे और धान में से मुझे बंटवारा नहीं दे रहे हो बोलकर गाली देने लगा। आज तुमको जान से मार दुंगा बोलते हुए हाथ मुक्का व टंगिया के बेंट से मारपीट किया है, जिससे पत्नि के हाथ, कोहनी के पास चोंटे आया है। शिकायत पुलिस ने आरोपी सताउ राम सिन्हा के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




